2

# नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड

आरक्षण: अनुसूचित जाति–1पद
समान्य जाति –3 पद

संख्या सहायक    स्वीकृत पद–4    भरे पद– 3    रिक्त पद–1 (सामान्य –1)

| क्रम सं0 | कार्मिक का नाम | मूल पद पर विभाग में नियुक्ति की तिथि | स्थायीकरण /नियमित की तिथि | वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि | वर्तमान पद पर सेवा की अवधि | विगत 10 वर्षो की चरित्र प्रविष्टियों का विवरण | उच्च पद पर कार्य करने के अनुभव का विवरण | आरक्षण का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सीता रावत, सर्वेक्षण सहायक | 29–10–1999 पूर्वान्ह | – | 29–10–1999 पूर्वान्ह | 10 वर्ष से अधिक | 2001–02 उत्तम<br>2002–03 उत्तम<br>2003–04 उत्तम<br>2004–05 अति उत्तम<br>2005–06 उत्तम<br>2006–07 उत्तम<br>2007–08 अति उत्तम<br>2008–09 अति उत्तम<br>2009–10 अति उत्तम<br>2010–11 अति उत्तम | – | सामान्य | 1– शासनादेश संख्या– 872 दिनांक 08 मार्च, 2011 द्वारा स्वीकृत एम0ए0सी0पी0 के अन्तर्गत श्रीमती सीता रावत, सर्वेक्षण सहायक को 10 वर्ष की अनवरत सेवायें पूर्ण करने पर दिनांक 31–10–2009 से वेतनमान 9300–34800 ग्रेड वेतन 4200 स्वीकृत किया गया<br>2– विभाग में संख्या सहायक के चार स्वीकृत पदों मे से तीन पद भरे है तथा शेष एक पद सामान्य वर्ग का रिक्त है। प्रस्तावित वरिष्ठता सूची के अनुसार विभाग में श्रीमती सीता रावत, सर्वेक्षण सहायक के पद पर वरिष्ठतम कार्मिक है जो कि इस पद पर 29–10–1999 से कार्यरत है। अतः श्रीमती सीता रावतके संख्यासहायक के रिक्त पद पर प्रोन्नति का प्रस्ताव विचारार्थ |

अभ्युक्ति के सन्दर्भ में श्रीमती सीता रावत का संख्या सहायक के पद पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200/- पर प्रोन्नति की संस्तुति।

(हंस सच्चा) 8/12/11
सहायक नियोजक
सदस्य

(गीता खुल्बे) 8-12-11
सहयुक्त नियोजक
सदस्य

(वी0पी0शर्मा) 8-12-11
सहयुक्त नियोजक
अध्यक्ष

est.1

## नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड

(1)

आरक्षण: अनुसूचित जाति–1पद
समान्य जाति – 2पद

प्रवर सहायक स्वीकृत पद–3 भरे पद– 2(एक पद सामान्य वर्ग एवं एक पद अनुसूचित जाति) रिक्त पद–1 (सामान्य वर्ग)

| क्रम सं0 | कार्मिक का नाम | मूल पद पर विभाग में नियुक्ति की तिथि | स्थायीकरण /नियमित की तिथि | वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि | वर्तमान पद पर सेवा की अवधि | विगत 10 वर्षो की चरित्र प्रविष्टियों का विवरण | उच्च पद पर कार्य करने के अनुभव का विवरण | आरक्षण का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री भरत लाल, कनिष्ठ सहायक | 13–03–1986 | 19–4–2007 | 13–3–1986 | 25 वर्ष से अधिक | 2001–02 अच्छा<br>2002–03 अच्छा<br>2003–04 अच्छा<br>2004–05 उत्तम<br>2005–06 अच्छा<br>2006–07 उत्तम<br>2007–08 उत्तम<br>2008–09 अच्छा<br>2009–10 अति उत्तम<br>2010–11 अति उत्तम | – | सामान्य | 1– श्री भरत लाल, कनिष्ठ सहायक को 14 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर प्रथम प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया तथा 18 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर शासनादेश संख्या: 872 दिनांक 08 मार्च, 2011 द्वारा स्वीकृत ए0सी0पी0 के अन्तर्गत द्वितीय स्तरोन्नयन के अन्तर्गत दिनांक 01–09–2008से ग्रेड वेतन: 2800 स्वीकृत किया गया।<br>2– विभाग में प्रवर सहायक के तीन स्वीकृत पदो मे दो पद भरे है तथा शेष एक पद श्री आलम प्रकाश, प्रवर सहायक के दिनांक 31–10–2011 को सेवानिवित्त होने के फलस्वरूप रिक्त है। प्रस्तावित वरिष्ठता सूची के अनुसार श्री भरत लाल, कनिष्ठ सहायक संवर्ग में वरिष्ठतम कार्मिक है जोकि इस पद पर 13–03–1986 से कार्यरत है। अतः श्री भरत लाल कनिष्ठ सहायक की प्रवर सहायक के पद पर प्रोन्नति का प्रस्ताव विचारार्थ। |

अभ्युक्ति के सन्दर्भ क्रम में श्री भरत लाल को प्रवर सहायक के पद पर वेतनमान 5200-20200 ग्रेडवेतन 2400/- पर प्रोन्नति की संस्तुति.

(हस्ताक्षर) 8/12/11
(...लच्छी)
सहायक नियोजक
सदस्य

(हस्ताक्षर) 8-12-11
(गीता खुल्बे)
सहयुक्त नियोजक
सदस्य

(हस्ताक्षर) 8.12.11
(वी0पी0शर्मा)
सहयुक्त नियोजक
अध्यक्ष

est.1

विभाग
पत्रावली संख्या

विभागाध्यक्ष महोदय

# टीपें और आज्ञायें

कृपया श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार ने अपने प्रार्थनापत्र दिनांक 6–3–2012(संलग्न–**पताका 'क'**) द्वारा अनुरोध किया है कि कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2/2002 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अन्तर्गत उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, मुख्यमानचित्रकार की पदोन्नति की तिथि 2 मार्च, 2007 से श्रीमती जौहरी की मुख्यमानचित्रकार के पद पर नोशनल पदोन्नति की जाय।

उल्लेखनीय है कि मार्च, 2007 में विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा मुख्यमानचित्रकार के रिक्त 2 पदों पर पदोन्नति हेतु विभाग में वरिष्ठतम कार्मिक श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार एवं श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति पर विचार किया गया, जिसमें वरिष्ठतम कार्मिक श्रीमती गीता जौहरी की उत्तर प्रदेश, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ से वा0गो0प्र0 एवं सेवा अभिलेख प्राप्त न होने के कारण उनकी पदोन्नति पर विचार नहीं किया जा सका। अतः मुख्यमानचित्रकार के एक पद को रिक्त रखते हुए दूसरे पद पर उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति हेतु संस्तुति की गयी। विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर कार्यालय ज्ञाप संख्या 502 दिनांक 2 मार्च, 2007(संलग्न–**पताका 'ख'**) द्वारा श्री रवीन्द्र सिंह नेगी की पदोन्नति मुख्यमानचित्रकार के पद पर इस प्रतिबन्ध के साथ की गयी कि यदि उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तरांचल राज्य को आवंटित इनसे वरिष्ठ कार्मिकों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जाता है तो श्री नेगी अपने मूल पद पर स्वतः ही प्रत्यावर्तित हो जायेंगे।

उक्त के कम में मुख्य मानचित्रकार के रिक्त एक पद पर उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित वरिष्ठ कार्मिक श्री हरी शंकर श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 23 जनवरी, 2008 को विभाग के मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात विभाग में मुख्यमानचित्रकार का पद रिक्त नहीं रहा।

श्रीमति गीता जौहरी के प्रार्थनापत्र दिनांक 6–3–2012 पर विभागीय पदोन्नति समिति की दिनांक 12–4–2012 की बैठक में विचार किये जाने पर पदोन्नति समिति द्वारा कार्मिक विभाग के उपरोक्त सन्दर्भित शासनादेश के अन्तर्गत उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी की पदोन्नति की तिथि दिनांक 2 मार्च, 2007 से श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार की मुख्य मानचित्रकार के पद पर नोशनल पदोन्नति की संस्तुति की गयी है(संलग्न–**पताका 'ग'**)।

विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर श्रीमती गीता जौहरी की दिनांक 2 मार्च, 2007 से नोशनल पदोन्नति करने के फलस्वरूप तथा उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तरांचल राज्य को आवंटित श्री हरीशंकर श्रीवास्तव के मुख्यमानचित्रकार के पद पर दिनांक 23 जनवरी, 2008 को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विभाग में मुख्यमानचित्रकार का कोई पद शेष रिक्त न रहने के कारण कनिष्ठतम कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, मुख्यमानचित्रकार को दिनांक 23 जनवरी, 2008 से अपने मूल पद अर्हमानचित्रकार के पद पर पदावनत किया जाना आवश्यक होगा।

उल्लेखनीय है कि तृतीय श्रेणी कार्मिकों (लोक सेवा आयोग से बाहर के पद) के नियुक्ति/पदोन्नति प्राधिकारी विभागाध्यक्ष हैं। विभाग में विभागाध्यक्ष (मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक) का पद स्वीकृत न होने के कारण वर्तमान में विभागाध्यक्ष के दायित्व शासन में निहित हैं।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार कनिष्ठतम कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, मुख्यमानचित्रकार को दिनांक 23 जनवरी, 2008 से अपने मूल पद अर्हमानचित्रकार के पद पर पदावनत करने एवं कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2/2002 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अन्तर्गत श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार का दिनांक 2 मार्च, 2007 से नोशनल पदोन्नति प्रदान करने सम्बन्धी स्वीकृति पर विचार करना चाहें।

12/4/12
वरिष्ठ नियोजक
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

est.1

प्रमुख सचिव, आवास एवं विभागाध्यक्ष
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

वरिष्ठ नियोजक

कृपया कार्यालय पत्रांक 597 / नग्रानि / विभागीय प्रोन्नति / 2012 दिनांक 28 मार्च, 2012 द्वारा अधोहस्ताक्षर कर्ताओं को श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार की प्रोन्नति के सम्बन्ध में संस्तुति प्रेषित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे।

पदोन्नति समिति द्वारा दिनांक 12–04–2012 को विभाग के मुख्यालय पर श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार की मुख्यमानचित्रकार के पद पर प्रोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची के आधार पर, शासन द्वारा निर्गत रोस्टर प्रणाली के आधार, प्रोन्नति की तिथि से पूर्व के 10 वर्षों की गोपनीय चरित्र पंजिका एवं प्रोन्नति हेतु पात्रता, कार्यसंतोषजनक एवं व्यवहार कुशलता के आधार पर पदोन्नति की संस्तुति(संलग्नक –पताका "क") की गयी है।

अतः श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2 / 2002 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अन्तर्गत उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति की तिथि दिनांक 2 मार्च, 2007 से नोशनल पदोन्नति का लाभ देते हुए मुख्य मानचित्रकार के पद पर प्रोन्नत किये जाने की संस्तुति की जाती है।

(टमस लेप्चा) 12/4/12
स्हायक नियोजक,
सदस्य

(गीता खुल्बे) 12-4-12
सहयुक्त नियोजक,
सदस्य

(वी०पी० शर्मा) 12.4.12
सहयुक्त नियोजक,
अध्यक्ष

प्रतिहस्ताक्षर

12/4/12
वरिष्ठ नियोजक
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

est.1

मुख्यालय, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड,
53, टी0एच0डी0सी0 विस्थापित क्षेत्र, तोमर काम्पलेक्स, देहराखास, देहरादून।

पत्रांकः 597 / नग्रानि / विभागीय प्रोन्नति / 2012 दिनांकः 28 मार्च, 2012

सेवा मे,

अध्यक्ष,
विभागीय प्रोन्नति समिति।

महोदय,

श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार, गढवाल खण्ड द्वारा अपने प्रत्यावेदन दिनांक 6–3–2012 द्वारा अनुरोध किया गया है कि "उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति कार्यालय ज्ञाप संख्या 502 / नग्रानि / विभागीय प्रोन्नति / 2007 दिनांक 2 मार्च, 2007 द्वारा मुख्यमानचित्रकार के पद पर की गयी है अतः कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2 / 2002 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अनुक्रम में उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति की तिथि दिनांक 2 मार्च, 2007 से श्रीमती गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति मुख्यमानचित्रकार के पद पर की जाय"।

अतः उक्त के सम्बन्ध में यथाशीघ्र पदोन्नति समिति की संस्तुति अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

28/3/12

भवदीय,
28/3/12
(एस0 के0 पन्त)
वरिष्ठ नियोजक।

## नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड

आरक्षण: अनुसूचित जाति–1पद
समान्य जाति – 3पद

मुख्य मानचित्रकार स्वीकृत पद–4 भरे पद– 3(तीन पद सामान्य वर्ग एवं एक पद अुसूचित जाति) रिक्त पद–1 (सामान्य वर्ग)

| क्रम सं0 | कार्मिक का नाम | मूल पद पर विभाग में नियुक्ति की तिथि | स्थायीकरण /नियमित की तिथि | वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि | वर्तमान पद पर सेवा की अवधि (पदोन्नति की तिथि तक) | विगत 10 वर्षो की चरित्र प्रविष्टियों का विवरण | उच्च पद पर कार्य करने के अनुभव का विवरण | आरक्षण का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती गीता जौहरी | 26–11–1981 (अनर्हमानचित्रकार) | – | 07–6–1983 (अर्हमानचित्रकार) | 23वर्ष से अधिक | 1996–97 उत्तम<br>1997–98 अच्छा<br>1998–99 अच्छा<br>1999–2000 अच्छा<br>2000–01 अच्छा<br>2001–02 अच्छा<br>2002–03 अच्छा<br>2003–04 अच्छा<br>2004–05 अति उत्तम<br>2005–06 अच्छा | – | सामान्य | 1– श्रीमति गीता जौहरी की दिनांक 07–08–'1983 को अर्हमानचित्रकार के पद पर प्रोन्नति हुई थी। तदोपरान्त 26 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर शासनादेश संख्या: 872 दिनांक 08 मार्च, 2011 द्वारा स्वीकृत ए0सी0पी0 के अन्तर्गत तृतीय स्तरोन्नयन के अन्तर्गत दिनांक 01–09–2008से ग्रेड वेतन: 4600 स्वीकृत किया गया।<br>2– कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2/200 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अनुकम में उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी की पदोन्नति की तिथि 2 मार्च 2007 से नोशनल पदोन्नति का लाभ देते हुए मुख्य मानचित्रकार के पद पर प्रोन्नति का प्रस्ताव विचारार्थ। |

अभ्युक्ति के सन्दर्भक्रम में श्रीमति गीता जौहरी को दिनांक 2 मार्च 2007 से नोशनल पदोन्नति का लाभ देते हुए मुख्यमानचित्रकार के पद पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200/- पर पदोन्नति की संस्तुति।

12/4/12
(टमस लेप्चा)
सहायक नियोजक
सदस्य

12-4-12
(गीता खुल्बे)
सहयुक्त नियोजक
सदस्य

12-4-12
(वी0पी0शर्मा)
सहयुक्त नियोजक
अध्यक्ष

est.1

मुख्यालय, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड,
53, टी0एच0डी0सी0 विस्थापित क्षेत्र, तोमर काम्पलेक्स, देहराखास, देहरादून ।
पत्रांक 761 /नग्रानि / पदोन्नति–अराज0/2012 दिनांक 12 अप्रैल, 2012

## –:कार्यालय – ज्ञापः–

कार्यालय ज्ञाप संख्या 502/न0ग्रा0नि0/विभागीय प्रोन्नति/2007 दिनांक 2 मार्च, 2007 द्वारा श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति मुख्यमानचित्रकार के पद पर इस प्रतिबन्ध के साथ की गयी थी कि "यदि उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तरांचल राज्य को आवंटित इनसे वरिष्ठ कार्मिकों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जाता है तो श्री नेगी अपने मूल पद पर स्वतः ही प्रत्यावर्तित हो जायेंगे"।

उक्त के कम में उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तरांचल राज्य को आवंटित वरिष्ठ कार्मिक श्री हरीशंकर श्रीवास्तव, मुख्यमानचित्रकार द्वारा दिनांक 23 जनवरी, 2008 को विभाग के मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण करने एवं गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, देहरादून में कार्यरत वरिष्ठ कार्मिक श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार का दिनांक 2 मार्च, 2007 से मुख्यमानचित्रकार के पद पर नोशनल पदोन्नति के फलस्वरूप श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, मुख्यमानचित्रकार को दिनांक 23 जनवरी, 2008 से अपने मूल पद अर्हमानचित्रकार वेतनमान 9300–34800 ग्रेडवेतन रू0 4200 पर पदावनत कर गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, देहरादून में तैनात किया जाता है।

विभागाध्यक्ष,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड।
प्रमुख सचिव, आवास एवं विभागाध्यक्ष
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार द्वारा सहयुक्त नियोजक, गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड,देहरादून।

2–सहयुक्त नियोजक, गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय के साथ कि श्री नेगी द्वारा अर्हमानचित्रकार के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की सूचना तत्काल मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

3–वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।

4–महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विभागाध्यक्ष,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड।
प्रमुख सचिव, आवास एवं विभागाध्यक्ष
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

18/4/2012

मुख्यालय, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड,
53, टी0एच0डी0सी0 विस्थापित क्षेत्र, तोमर काम्पलेक्स, देहराखास, देहरादून ।

पत्रांक 762 /नग्रानि / पदोन्नति–अराज0/2012 दिनांक 12 अप्रैल, 2012

**–:कार्यालय – ज्ञाप:–**

विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर कार्मिक विभाग उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1801–कार्मिक–2/2002 दिनांक 23–6–2003 के प्रस्तर 22 के अन्तर्गत श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार को, उनसे कनिष्ठ कार्मिक श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, अर्हमानचित्रकार की पदोन्नति की तिथि, दिनांक 2 मार्च, 2007 से मुख्यमानचित्रकार के पद वेतनमान 9300–34800 ग्रेडवेतन रू0 4200 पर नोशनल पदोन्नति प्रदान कर गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, देहरादून में तैनात किया जाता है।

विभागाध्यक्ष,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड।
प्रमुख सचिव, आवास एवं विभागाध्यक्ष
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उत्तराखण्ड, देहरादून

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–श्रीमति गीता जौहरी, अर्हमानचित्रकार द्वारा सहयुक्त नियोजक, गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड,देहरादून।

2–सहयुक्त नियोजक, गढवाल सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय के साथ कि श्रीमती गीता जौहरी द्वारा मुख्यमानचित्रकार के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की सूचना तत्काल मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

3–वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।

4–महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विभागाध्यक्ष,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड।
प्रमुख सचिव, आवास एवं विभागाध्यक्ष
उत्तराखण्ड, देहरादून

18/4/2012

# lpuk dk vf/kdkj vf/kfu;e & 2005

# lpuk dk vf/kdkj vf/kfu;e& 2005 dh /kkjk 4¼1½ [k d
# vUrxr 16 fcUnvk ij euvy dk idk’ku

## 31 ekp] 2013 rd v|kof/kd fd;k x;k gA

**ofj"B fu;ktd]**
**e[;ky;] uxj ,o xke fu;ktu foHkkx]**
**mRrjk[k.M] ngjknuA**